## सुविचार



चुनौतियों से घबराइये मत, सामना कीजिये। आग तो हर व्यक्ति के भीतर छिपी है, बस उसे जगाने की जरूरत है।

- संत प्रवर श्री चंद्रप्रभ जी

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

### बरेली के प्रमुख समाचार

- ऐलानिया कहा था - एक हत्या पहले कर चुका, एक-दो और करेगा-II
- आखिर कालाबाजारी को कहां से आ रहे गैस सिलेंडर -III
- सब जूनियर 200 मीटर में बरेली के श्याम सबसे तेज दौड़े-IV

बरेली , मंगलवार,17 मार्च 2026



**इफ्तार**
मंगलवार शाम
सुन्नी : 6:26
शिया : 6:34

**सहरी**
बुधवार सुबह
सुन्नी : 4:58
शिया : 4:48

### सिटी ब्रीफ

## केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कल से

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से शुरू होगा। मंगलवार को शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बोर्ड की ओर से जिले में चार विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इनमें एसबी इंटर कॉलेज, एसआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, जीआईसी और जीजीआईसी शामिल है। इन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचनी शुरू हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण के बाद बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। डीआईओएस डॉ अजीत कुमार ने बताया कि 18 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एक अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन कराया जाएगा। मूल्यांकन केंद्रों में सीसीटीवी लगा दिए गए हैं।

### शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी की ओर से अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन द कुबेर होटल कर्मचारी नगर में सुबह 11 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं सुबह 7 बजे से।
- नगर निगम के मीटिंग हाल में संभव जनसुनवाई सुबह 10 बजे।
- पुलिस लाइन में ट्रैफिक कार्यालय का उद्घाटन सुबह 9 बजे।

# नगर निगम : सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट शुरू करने की कवायद तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिया दो सप्ताह का अल्टीमेटम**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने सथरापुर स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को क्रियाशील करने की कवायद तेज कर दी है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सोमवार को अधिकारियों के साथ प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया और स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए इस प्लांट का समय पर संचालन अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान संचालन एजेंसी 'पाथ्या' के प्रतिनिधियों ने मशीनरी की स्थापना पूर्ण करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय और एक्सईएन राजीव कुमार राठी को निर्देश दिए कि वे कार्यों की दैनिक निगरानी करें। उन्होंने चेतावनी दी कि मशीनों की स्थापना और तकनीकी बाधाओं को दूर करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि तय समय सीमा के भीतर ट्रायल प्रक्रिया शुरू की जा सके।

नगर आयुक्त के अनुसार मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में दिए गए निर्देशों का संज्ञान लेते हुए निगम प्रशासन अब सितंबर माह से कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। दावा किया कि इस प्लांट के विधिवत संचालन से शहर में कचरा प्रबंधन की दशकों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा। नगर निगम की प्राथमिकता है कि सीएम के दौरे से पहले प्लांट को 'वर्किंग मोड' में लाया जाए।

### कबड्डी में दिखाया दम



स्पोर्ट्स स्टेडियम में जोन स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दमखम दिखाया। ( संबंधित खबर पेज IV पर ) ● अमृत विचार

# बीडीए के 3329 करोड़ के बजट प्रस्ताव पर मुहर

## 94वीं बोर्ड बैठक में इंडस्ट्रियल टाउनशिप को मिली हरी झंडी, कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भूमि खरीद और दोनों नई टाउनशिप को विकसित करने पर खर्च होंगे 1498 करोड़ रुपये**
- **नक्शा पास कराना होगा महंगा, 1450 से बढ़कर 1510 रुपये प्रति वर्ग मीटर हुआ विकास शुल्क**

**अमृत विचार :** जिले में औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने के लिए सोमवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की 94 वीं बोर्ड बैठक में विकास का नया अध्याय लिखा गया। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बीडीए के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा 3329.09 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बजट का मुख्य आकर्षण दिल्ली हाईवे से सटी 126.30 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित ''न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप'' है।

महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए रहपुरा जागीर समेत चार गांवों के 600 से अधिक किसानों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय की जाएगी। यह टाउनशिप न केवल बरेली के समग्र औद्योगिक विकास को गति देगी, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी खोलेगी।प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपनी आर्थिक स्थिति और विकास की रूपरेखा भी स्पष्ट कर दी है। बीडीए ने आगामी



बीडीए की बैठक में मौजूद मंडलायुक्त, नगर आयुक्त व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

वर्ष के लिए 3329.09 करोड़ रुपये की प्राप्तियों का लक्ष्य रखा है। खर्च के मोर्चे पर, पीलीभीत टाउनशिप और नई औद्योगिक टाउनशिप के लिए भूमि क्रय करने, निर्माण कार्यों और कर्मचारियों के वेतन आदि पर कुल 2493.53 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इसमें कुल बजट में से 1498 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा केवल दोनों टाउनशिप के लिए भूमि खरीदने में व्यय होगा। मंडलायुक्त ने बजट प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण अपनी संपत्तियों के निस्तारण और अन्य स्रोतों से बजट में प्रस्तावित राजस्व को प्राप्त करेगा। खास बात यह रही कि बोर्ड सदस्य राजेश अग्रवाल के सुझाव पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप में केवल कारखाने ही नहीं, बल्कि कम्युनिटी सेंटर, अस्पताल, स्कूल और बरातघर जैसी सार्वजनिक सुविधाओं को भी अनिवार्य रूप से विकसित करने पर सहमति बनी है। प्रशासनिक स्तर पर बोर्ड ने कड़े फैसले लेते हुए प्राधिकरण की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके तहत शासन की मंशा के अनुरूप मानचित्र पास कराने हेतु विकास शुल्क को 1450 रुपये से बढ़ाकर 1510 रुपये प्रति वर्ग मीटर करने के प्रस्ताव को अंगीकृत कर लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस ऐतिहासिक बजट और नई योजनाओं की मंजूरी से साफ है बरेली अब केवल ''झुमके'' के लिए नहीं, बल्कि अपनी ''इंडस्ट्रियल टाउनशिप'' और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहचाना जाएगा। आने वाले दिनों में पीलीभीत रोड और दिल्ली हाईवे के किनारे विकास की नई इबारत लिखी जानी तय है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, पार्षद शालिनी वर्मा, पूनम, उमेश कठेरिया, समेत विभिन्न विभागों के अफसर मौजूद रहे।

### नई नियुक्तियों को मंजूरी, पुराने चेहरों की छुट्टी

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की बोर्ड बैठक में तकनीकी कार्यों को गति देने के लिए बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। प्राधिकरण में रिक्त पदों को भरने के लिए पांच सहायक अभियंता और दस अवर अभियंताओं को आउटसोर्स पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, जबकि कंप्यूटर ऑपरेटरों का मानदेय बढ़ाकर उन्हें तोहफा दिया गया। हालांकि, कार्य संस्कृति में सुधार के उद्देश्य से 65 वर्ष की आयु पार कर चुके दो जेई, केपी सिंह और वीपी यादव के सेवा विस्तार प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंडलायुक्त ने सेवानिवृत्त तहसीलदार और लेखपालों की नियुक्ति में दूसरे जनपदों के लोगों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### रोजगार का नया हब बनेगा बरेली

बीडीए की नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप परियोजना जिले को एक बड़े औद्योगिक हब के रूप में उभरेगी। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने स्पष्ट किया कि फतेहगंज पश्चिमी और रहपुरा जागीर जैसे चार प्रमुख गांवों के 600 किसानों से 126.30 हेक्टेयर जमीन सीधे खरीदी जाएगी। किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। इस जमीन पर वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के बाद उद्यमियों और आम जनता को प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। बीडीए का यह मास्टर स्ट्रोक न केवल निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए ''घर के पास रोजगार'' का सपना भी सच करेगा, जिससे शहर के समग्र आर्थिक ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

## 19 से 22 मार्च तक बारिश के आसार तापमान गिरेगा

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। 19 से 22 मार्च के बीच सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वर्षा का नया दौर शुरू हो सकता है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जाएगी।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार उत्तरी पंजाब पर केंद्रित पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा पर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों में प्रदेश के उत्तरी तराई क्षेत्रों और आसपास के जिलों में रुक-रुक कर बारिश और तड़ित-झंझावात की स्थिति बनी रही। हालांकि, अब इस दौर के थमने के बाद अधिकांश क्षेत्रों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उनका कहना हैं कि 18 मार्च तक किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के अभाव में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद 19 मार्च से फिर से मौसम बदलने के कारण वर्षा का नया दौर शुरू होगा। 22 मार्च तक प्रदेश के कई हिस्सों सहित बरेली में भी बारिश की संभावना है।

# महापौर ने दिल्ली में साझा किया स्मार्ट सिटी का विजन



दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में मौजूद मेयर डा. उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रूसी प्रतिनिधियों के साथ समझौता, पर्यटन और तकनीक में मिलेगा सहयोग**

**अमृत विचार :** दिल्ली में आयोजित 'विकसित दिल्ली <bha>@</bha> 2047' सम्मेलन में महापौर डॉ. उमेश गौतम ने अपनी प्रभावी उपस्थिति से बरेली के विकास मॉडल को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रखा। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर आयोजित शिखर वार्ता में उन्होंने देश-विदेश के विशेषज्ञों के सम्मुख भविष्य के शहरों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. उमेश गौतम ने शहरों के समग्र और समावेशी विकास पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत के शहरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वच्छता, सुशासन और नागरिकों के जीवन स्तर में आमूलचूल परिवर्तन करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बरेली में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी सेवाओं में किए गए नवाचारों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि कैसे तकनीकी और जनभागीदारी से शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। इस सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण वह रहा जब महापौर डॉ. उमेश गौतम ने रूसी शहरों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इस अंतर्राष्ट्रीय समझौते के तहत पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शहरी नियोजन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की नई राहें खुलेंगी, जिससे बरेली के विकास को वैश्विक पहचान मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजया के. रहाटकर और संस्थान के महानिदेशक जयराज पाठक ने भी अपनी बात रखी।

इस दौरान डॉ. उमेश गौतम ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय मंचों पर होने वाले ये मंथन न केवल नीतियों को बेहतर बनाने का अवसर देते हैं, बल्कि एक-दूसरे के सफल प्रयोगों को अपनाकर शहरों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। बरेली अब केवल एक क्षेत्रीय शहर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आधुनिक शहरी प्रबंधन की दिशा में तेजी से बढ़ता हुआ केंद्र है। अंत में सभी प्रतिभागियों के साथ महापौर ने सतत और भविष्योन्मुखी शहरों के निर्माण का संकल्प लिया।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण अभियान आज से

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में मंगलवार से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू होगा। योजना के तहत जिले की करीब 50 हजार किशोरियों को टीका लगाया जाएगा।सीएमओ विश्राम सिंह ने बताया कि टीकाकरण से पहले अभिभावकों की सहमति का पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा।

टीका लगने के बाद किशोरियों को करीब आधा घंटे तक अस्पताल में रुकना अनिवार्य होगा, ताकि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता दी जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह करीब 11 बजे होगी। जिले में सीएचसी और पीएचसी पर भी टीका लगाया जाएगा। टीका लगाने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# नाइट स्टे कर सकते हैं मुख्यमंत्री योगी, प्रशासन तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्च के अंतिम सप्ताह में बरेली के प्रस्तावित दौरे पर जिला प्रशासन ने मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री के नाइट स्टे करने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएम बीडीए, नगर विकास, लोनिवि, बिजली आदि विभागों की लगभग 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर योगी भव्य जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री बरेली कब आएंगे, इसकी तारीख अभी निर्धारित नहीं हुई है। हालांकि चर्चा यह है कि चैत्र नवरात्र में मुख्यमंत्री गोरखपुर ज्यादा रहते हैं। पूजा-पाठ की वजह से बाहर के दौरे कम लगते हैं, इसलिए मार्च के आखिरी सप्ताह में ही आने की संभावना है।



पीलीभीत बाईपास पर एक मॉल के पास पैचवर्क का चल रहा काम। ● अमृत विचार

### बरेली कॉलेज मैदान पर हो सकती है जनसभा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा का कार्यक्रम बरेली कॉलेज में होने की ज्यादा संभावना है। पूर्व में भी मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास के कार्यक्रम के दौरान बरेली कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित किया है

### नई सड़क डालकर की जा रही समतल

मुख्यमंत्री दौरे को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सक्रिय नजर आ रहे हैं। त्रिशूल वायुसेना स्टेशन में राजकीय विमान से आने के बाद मुख्यमंत्री वाया सड़क मार्ग रामायण वाटिका आने के दौरान पीलीभीत रोड से भी गुजरेंगे। ऐसी संभावना के मद्देनजर लोनिवि पीलीभीत रोड को दुरुस्त करने में जुटा है।

इधर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री बरेली आएंगे लेकिन कब आएंगे, इसकी तारीख तय नहीं है। प्रशासन ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री करीब छह हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

### सीएम की अगवानी के लिए अलर्ट पर अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बरेली दौरे को लेकर प्रशासनिक गलियारों में सरगर्मी तेज हो गई है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम के कार्यालयों में देर शाम तक उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल विकास परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने और उनकी प्रगति रिपोर्ट तैयार करने के लिए अधिकारियों ने दिन-रात एक कर दिया है। अधिकारी स्वयं इन तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष शहर के विकास का सुदृढ़ और आधुनिक खाका प्रस्तुत किया जा सके। पूरी प्रशासनिक मशीनरी इस समय हाई अलर्ट पर है और फाइलों के निस्तारण में तेजी लाई जा रही है। शहर की सूरत बदलने के लिए नगर निगम ने धरातल पर मोर्चा संभाल लिया है। विशेष अभियान के तहत शहर के मुख्य चौराहों और मार्गों पर डिवाइडरों की मरम्मत और उन्हें नए रंग-रूप में पेंट करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। धूल और गंदगी से पटे डिवाइडरों को चमकाया जा रहा है ताकि वीआईपी रूट पर स्वच्छता और सुंदरता का संदेश स्पष्ट दिखाई दे। इसके साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने का काम भी तेजी के साथ चल रहा है। नगर निगम का जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान शहर के सौंदर्यीकरण में कोई कसर न रह जाए। इधर, बीडीए भी अपनी निर्माणाधीन योजनाओं के प्रोजेक्ट्स की फाइलें दुरुस्त करने में जुटा है। सीएम के समक्ष पेश होने वाली प्रजेंटेशन में बरेली की नई आवासीय योजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। मार्च के आखिरी सप्ताह में प्रस्तावित अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर बरेली को बड़ी सौगात देंगे।

**तैयारी** | 2 .21 करोड़ आवंटित, राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड कराएगा विकास कार्य


# लीलौर झील व प्राचीन राम कटोरा ताल का होगा ईको पर्यटन विकास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **2.95 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिली**
- **पर्यटकों के लिए मल्टीपरपज हाल टॉयलेट ब्लॉक व फूड कोर्ट बनाए जाएंगे**

**अमृत विचार :** आंवला तहसील के रामनगर क्षेत्र की लीलौर झील और ढिलवारी प्राचीन राम कटोरा ताल का ईको पर्यटन विकास होगा। यहां पर्यटकों के लिए रहने, खान-पान, वाहनों को पार्क करने समेत कई सुविधाएं मिलेंगी। शासन ने दोनों पौराणिक महत्व वाले स्थानों पर पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य कराने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। करीब 2.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मल्टीपरपज हाल, टॉयलेट ब्लॉक, फूड कोर्ट आदि बनाए जाएंगे। पहली किस्त में 2.21 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं।





प्रस्तावित मल्टीपरपज हाल, टॉयलेट ब्लॉक और फूड कोर्ट।

पर्यटन अनुभाग के उप सचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव ने पर्यटन महानिदेशक को पत्र भेजकर बताया कि परियोजना निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया है। कार्यदायी संस्था की ओर से भेजे गए आगणन का विभागीय अप्रेजल समिति ने मूल्यांकन किया। इसके बाद 2.95 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गयी। प्रथम किस्त के रूप में 2.21 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं। बताया कि बंजर दर्ज भूमि पर कार्य कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के लिए ग्राम सभा का प्रस्ताव उप निदेशक पर्यटन बरेली की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। धनराशि व्यय करने से पहले महानिदेशक पर्यटन कार्यालय की ओर से जिलाधिकारी की संस्तुति या सहमति प्राप्त की जाएगी। निविदा में ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया लागू होगी।

### इन विकास कार्यों पर इतनी धनराशि खर्च की जाएगी

लीलौर झील व प्राचीन राम कटोरा ताल में मल्टीपरपज हाल बनेगा, इसमें सिविल वर्क पर 90.95 लाख रुपये, इलेक्ट्रिक वर्क पर 4.12 लाख, फायर फाइटिंग पर 1.04 लाख खर्च होगा। टॉयलेट ब्लॉक बनेंगे। इसमें सिविल वर्क पर 35.22 लाख, इलेक्ट्रिक वर्क पर 1.97 लाख, प्लंबिंग एंड सेनेटरी वर्क पर 2.16 लाख खर्च होंगे। फूड कोर्ट का निर्माण होगा। इसमें सिविल वर्क पर 44.44 लाख, पाथ-वे और पार्किंग के लिए 24.98 लाख, फोकस वाल पर 6.57 लाख और हार्टिकल्चर पर 8.53 लाख रुपये खर्च होंगे।

# ऐलानिया कहा था - एक हत्या पहले कर चुका, एक-दो और करेगा

## पत्नी ने एक दिन पहले जताया था जान का खतरा, इज्जत नगर थाने में की थी शिकायत, डायल 112 को भी दी थी सूचना, पुलिस ने गंभीरता से नहीं ली शिकायत

पंचायत में दोहरा हत्याकांड

- ससुराल के लोगों पर पहले भी कर चुका था हमला, एक दिन पहले सास को मारा था तमाचा
- रात में खुलेआम तमंचा लेकर घूमता रहा, पंचायत में भी पूरी तैयारी करके पहुंचा था अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद को निपटाने के लिए चल रही पंचायत के बीच में सास और साले की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले अफसर ने एक दिन पहले ही ऐलानिया कहा था कि एक हत्या वह पहले कर चुका है, अब एक-दो और कर देगा। पत्नी ने पुलिस में शिकायत भी की थी, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। पुलिस की लापरवाही का नतीजा दोहरे हत्याकांड के रूप में सामने आया है।

दोहरे हत्याकांड के आरोपी अफसर का अपराधों से पुराना नाता रहा है। पहले 2004 में मामा की हत्या के मामले में जेल जा चुका था। उसने ससुरालियों पर पहले भी चाकू से हमला कर उन्हें घायल दिया था। रविवार को भी अफसर ने पत्नी सायमा के साथ मारपीट की थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि अफसर और उसकी पत्नी सायमा में रविवार को विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी ने डायल 112 पर शिकायत करने के अलावा इज्जतनगर थाने में लिखित में शिकायत करके पति से जान का खतरा बताया था, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। गांव के लोगों का कहना है कि अगर पुलिस इसे गंभीरता से लेती तो आज दो जिंदगी बच गई होती।

आरोपी अफसर ने अपनी सास को चांटा मार दिया था, इसका पत्नी ने विरोध किया था। इससे वह भड़का हुआ था। आरोप है कि अफसर खुलेआम धमकी दे रहा था कि 2004 में वह एक हत्या कर चुका है, एक दो हत्या अब कर देगा, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कोई जांच नहीं की। पुलिस से शिकायत करने के बाद आरोपी को डर था कि पुलिस कहीं उसे गिरफ्तार न कर ले, जबकि तमंचा लेकर गली में घूम रहा था।

इसके बाद सोमवार को पड़ोस के रहने वाले राशिद के घर पर पंचायत हुई थी, लेकिन आरोपी पहले से ही तैयारी करके आया था। उसने विवाद सुलझाने के लिए हुई पंचायत में सास और साले पर चाकू से ताबड़तोड हमला करके उन्हें मौत के घाट उतार दिया, जबकि हमले में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

**ईद का वास्ता देकर कराई थी पंचायत :** आरोप है कि पांच दिन पहले पति अफसर से विवाद होने के बाद सायमा अपने मायके में बच्चों के साथ आकर रहने लगी थी, लेकिन अफसर ने पड़ोसी राशिद ज्वैलर से कहा था कि एक बार और समझौता करा दीजिए, ईद का त्योहार नजदीक आ रहा है। पति-पत्नी साथ में मिलकर हंसी खुशी रहेंगे। आरोपी अफसर ने पंचायत कराकर मामले का निस्तारण कराने को कहा था। इसके बाद ही राशिद के घर पर पंचायत बुलाई गई थी।

**चश्मदीद बोले, 20 सेंकेंड में दिया घटना को अंजाम :** पंचायत में मौजूद लोगों ने बताया कि पंचायत में बातें चल रही थी। जिस घर में पंचायत चल रही थी उसके मालिक राशिद खां ने बताया कि आरोपी ने बातों बातों में ही चाकू निकालकर पहले अपने साले आदिल पर हमला कर दिया, इसके बाद सास आसमा के पेट में चाकू मार दिया। ऐसे में वह लोग घबरा गए। भागते समय आरोपी ने अपनी पत्नी सायमा पर भी हमला कर दिया। चश्मदीद लोगों के मुताबिक 20 सेकेंड में आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। अधिक खून बहने की वजह से दोनों की मौत हो गई।

**चाचा की लड़की से 2017 में हुई थी शादी :** गांव में ही रहने वाले नन्ने खां ने 2017 में बेटी सायमा की शादी भतीजे अफसर के साथ की थी। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही अफसर पत्नी के साथ मारपीट करता था। पड़ोसियों ने बताया की विवाद के बाद आपस में राजीनामा करा दिया जाता था। सायमा की बहन साहिबा ने बताया- जीजा एंबुलेंस चलाते हैं। वो पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। 9 साल पहले मेरी बहन सायमा की उनसे शादी हुई थी। रविवार को भी उन्होंने मारपीट की थी। तब 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई गई थी।



रहपुरा चौधरी में डबल मर्डर के बाद घटना स्थल के बाहर जुटी भीड़ को हटाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



घटना स्थल पर जांच करते एसएसपी अनुराग आर्य, एसएसपी सिटी मानुष पारीक व अन्य।



घायल सायमा। ● अमृत विचार



घटना की जानकारी लेते एडीजी रमित शर्मा। ● अमृत विचार



घटना के संबंध में जानकारी देते चश्मदीद पंचायती सदस्य। ● अमृत विचार

### बच्चे बोले, प्यार नहीं करते थे पापा



अफसर के बेटे फैज ने बताया- मेरे पापा मम्मी को रोज मारते थे। पापा ने मेरे मामू और नानी की चाकू मारकर हत्या कर दी है। मम्मी को भी चाकू मारे हैं। उनको अस्पताल ले जाया गया है। पापा हम लोगों से प्यार नहीं करते। वो बहुत गंदे हैं। आरोपी के दो छोटे बच्चे भी हैं। फैज 8 साल आयशा 5 साल की बच्ची है।

### पंचायत में बीड़ी पी रहा था आरोपी, रोजे से थे मृतक मां-बेटे



पंचायत में मौजूद आरोपी अफसर बीड़ी पी रहा था। इस पर पंचायत के लोगों ने कहा कि पत्नी के साथ ईद मनाने की बात कह रहा है, लेकिन रोजा नहीं रख रहा है। मृतक मां और बेटे रोजे से बताए जा रहे हैं। वहीं दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग अस्पताल भी पहुंच गए।

### घर में लगे थे सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने डीबीआर कब्जे में ली

सपा से पार्षदी का चुनाव लड़ चुके ज्वैलर्स राशिद खान के घर पर अफसर और उसकी पत्नी का विवाद सुलझाने की पंचायत हो रही थी। फील्ड यूनिट और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जिस घर में पंचायत हो रही थी, उसमें सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे। जिसका डीबीआर पुलिस की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के आधार पर कार्रवाई करेगी।

### मामू की हत्या में भी जेल जा चुका है अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** रहपुरा चौधरी के लोगों ने बताया कि आरोपी अफसर 2004 बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के उड़ला जागीर गांव में अपनी मामी के साथ प्रेम प्रसंग के मामले में चाकू मारकर अपने सगे मामा की हत्या कर चुका था। इसमें वह अपनी मामी के साथ जेल गया था। लेकिन 2015 में वह जमानत पर बाहर आ गया था। अब सामने आया है कि डबल मर्डर के आरोपी अफसर का जुर्म से पुराना नाता रहा है। अफसर ने सास ससुर सहित ससुराल के अन्य लोगों पर कुछ वर्ष पूर्व भी धारधार हथियार से घर में घुसकर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोपी अफसर निजी अस्पताल की एंबुलेंस चलाता था वह गाड़ी थाना सीबीगंज के सामने खड़ी रहती थी, थाने के पीछे ही उसने आईटीआर का कमरा भी घेर रखा था। आरोपी के खिलाफ सीबीगंज और इज्जत नगर थाने में भी पूर्व में मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।

> रहपुरा चौधरी में सूचना मिली थी कि एक युवक ने अपनी सास और साले की चाकू से हत्या कर दी है। परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी का आपस में विवाद में था। विवाद निपटाने के लिए पंचायत में काहसुनी के बाद चाकू से हमला किया गया। हमले में दो लोगो की मौत हो गई, जबकि आरोपी की पत्नी घायल हो गई। पंचायत के समय आरोपी की ससुराल की तरफ से तीन लोग और आरोपी के अलावा मकान मालिक राशिद मौजूद थे। दो बार पहले भी राशिद ने समाधान कराया था। रविवार को 112 पर पत्नी ने सूचना दी थी, 112 पर जो टीम मौजूद थी उन्हें भी बुलाकर पूछताछ की गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमों को लगाया गया है। **-अनुराग आर्य,** एसएसपी




# अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या में दो को आजीवन कारावास

- युवक की हत्या में आरोपी महिला को कोर्ट ने किया बरी
- कोर्ट ने दोनों पर 65-65 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पत्नी से अवैध संबंध में युवक की हत्या करने के आरोपी थाना फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम रुकमपुर माधौपुर निवासी चेतराम और मुनीश उर्फ लाखन को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-6 रामानन्द ने प्रत्येक को आजीवन कारावास व 65-65 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

वहीं चेतराम की पत्नी शारदा को बरी कर दिया। जुर्माना अदा न करने पर जीजा-साले को 3-3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील सचिन जायसवाल ने बताया कि मृतक के पिता गंगाराम निवासी रुकमपुर माधौपुर ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 6 जून 2015 को रात करीब 8.30 बजे मेरा पुत्र राहुल कश्यप घर से खाना खाकर निकला था, जिसे गांव के चेतराम ने अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक में और मुनीश उर्फ लाखन ने अपनी बहन से अवैध संबंध के शक में अपहरण कर बिजली के तार से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या, अपहरण आपराधिक षडयंत्र की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 8 गवाह पेश किये।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली,अमृत विचार :** नाबालिग लड़की ( 17 ) को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना भुता क्षेत्र निवासी विक्की की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम हेमेन्द्र कुमार सिंह ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि 16 जनवरी को दिन में करीब 10 बजे पुत्री अचानक गायब हो गयी थी। खोजबीन पर पता चला कि विक्की बहला कहीं ले गया है। पीड़िता ने बयान में बताया कि विक्की को बातों में आ गयी थी। वह बहलाकर मध्य प्रदेश के नरसिंह गढ़ ले गया था। 8-10 दिन साथ रहे और शारीरिक संबंध भी बने। पुलिस ने बहलाकर ले जाने, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### ग्राहक से पैकेजिंग चार्ज वसूलना केएफसी को पड़ा महंगा, जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली :** खाद्य सामग्री मंगाने पर ग्राहक से पैकेजिंग चार्ज 37 रुपये वसूलना केएफसी को भारी पड़ गया।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने एक मॉल स्थित केएफसी को दो मामलों में 45 दिनों के भीतर 37-37 रुपये पैकिंग चार्ज व क्षतिपूर्ति राशि 25-25 हजार के साथ ही खर्चा मुकदमा 10-10 हजार रुपये भी उपभोक्ता को दिये जाने का आदेश दिया है। पुराना शहर जगतपुर निवासी शमा परवीन ने अधिवक्ता मोहम्मद इस्लाम के जरिये आयोग के समक्ष 11 जून 2024 को वाद पेश कर बताया कि 15 फरवरी 2023 व 2 अगस्त 2023 को जोमैटो एन्ड्राइड के माध्यम से केएफसी रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री का ऑर्डर किया। केएफसी ने बिल में पैकेजिंग चार्ज 37 रुपये अतिरिक्त जोड़ लिए।

# वाहन ने चारपाई पर सो रहे श्रमिक को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहामतगंज पुल के पास रविवार देर रात अज्ञात वाहन ने चारपाई पर सो रहे मजदूर को रौंद दिया। हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये चालक की तलाश में जुटी है।



रूप सिंह।

जिला बिजनौर थाना स्योहारा के गांव मुंडा खेड़ी निवासी रूप सिंह (35 ) शहर में मजदूरी करने आए थे। मृतक के भाई सुरेंद्र ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि रूप सिंह शहामतगंज पुल के नीचे सीवर लाइन का कार्य कर रहे थे। रात में वह वहीं मिट्टी के ढेर पर चारपाई डालकर सो रहे थे। देर रात रामपुर गार्डन की तरफ से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं।

### सड़क हादसे में बिजली मिस्त्री की मौत

**रिठौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला जाटवपुरा का लाइट मकैनिक अजय कुमार शहर से अपनी वाइक से घर लौट रहा था। इंद्रानगर में डिवाइडर के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से जोर की टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर रोड के दूसरी ओर जा गिरा। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एस आई तुलसीदास कांस्टेबल सौरभ चौधरी, इमरान मलिक ने तुरंत घायल को अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पिता का अकेला बेटा था। उसकी तीन बहनें हैं। उसकी दो साल पहले पूजा संग शादी हुई थी। एक मासूम बेटा सूरज( 1)वर्ष का है। पत्नी पूजा यह खबर सुनकर बेहोश हो गई।

# अग्निवीर : 900 युवाओं ने लगाई दौड़, 675 सफल



जाट रेजिमेंट केंद्र में भर्ती के दौरान मौजूद अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में सोमवार को नौ सौ युवाओं ने दौड़ लगाई। जिसमें 675 सफल हुए, जिन्हें अगले चरण के लिए मंगलवार को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है।

हरदोई के अभ्यर्थियों ने भर्ती में हिस्सा लिया। अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। आसपास के जिलों से तमाम युवा अपने साधनों से भी भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे।

### पुलिस ने 80 लाख के 397 मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे

- खोये मोबाइल फोन पाकर मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे

**बरेली, अमृत विचार:** पुलिस ने गुम हुए 80 लाख रुपये की कीमत के 397 मोबाइल फोन सोमवार को उनके मालिकों को सौंपे। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी छा गई। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि प्रत्येक माह गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए पुलिस की तरफ से अभियान चलाया जाता है। इसके तहत थानों में नियुक्त कंप्यूटर आपरेटर, साइबर टीम और सर्विलांस सेल की टीम ने 80 लाख रुपये की कीमत के 397 मोबाइल फोन बरामद किए। इन्हें सोमवार को मोबाइल मालिकों को पुलिस लाइन में बुलाकर सौंप दिया गया। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि अब तक बरेली पुलिस लगभग 8 करोड़ के 4045 मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है।

# परिवार संग ईद मनाने आया जिला बदर, पकड़ा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- छह माह के लिए बारादरी पुलिस ने किया था जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला बदर किया गया आरोपी समय सीमा पूरी होने से पहले ही जिले में प्रवेश करके परिवार के साथ रहने लगा। पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि ईंट पजाया निवासी वसीम उर्फ गंठा का 3 फरवरी 2025 को गुंडा एक्ट में चालान किया था। डीएम के आदेश पर आरोपी को थाना पुलिस ने 6 फरवरी 2026 को जिला बदर करते हुए पीलीभीत जिले की सीमा पर छोड़ा था। सूचना पर पुलिस ने रविवार रात जिला बदर आरोपी को भरतौल रोड से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी ने बताया कि वह परिवार के साथ ईद मनाने के लिए चोरी छिपे रहने लगा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### आरोपियों ने समझौते के बाद किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने युवक की जमकर पिटाई की। पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया।

आरोप है कि उसके बाद दोबारा से आरोपियों ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया। एसएसपी के आदेश पर मामले में छह नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के वंशीनगला निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि उसका भाई बबलू का विवाद तीन मार्च की शाम मुरारी लाल, प्रेमराज, अभिनव, अब्बू, प्रशांत और हृदेश निवासी वंशीनगला के साथ हुआ था। जिसमें पुलिस ने उसी दिन समझौता करा दिया था। तब से सभी लोग रंजिश मानने लगे और चार मार्च को 12 अज्ञात साथियों के साथ मांझे वाली बगिया में पकड़ कर उसके भाई की पिटाई की। भाई की नाक फ्रैक्चर हो गई। पुलिस से शिकायत करने पर घर में ईंट-पत्थर फेंक कर हमला किया। पीड़ित परिवार इतना डर गया है कि घर के बच्चों को उनके मामा के यहां भेज दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद ने उठाई लंबित मानदेय की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने राजकीय कॉलेजों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को जनवरी और फरवरी माह का मानदेय न मिलने पर रोष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए उन्होंने कहा कि दो महीने से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनके सामने बच्चों की पढ़ाई व परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष ने चेताया कि यदि लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान नहीं किया गया तो परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अल्प वेतनभोगी कर्मियों के हितों की रक्षा करते हुए उनकी बकाया राशि अविलंब जारी की जाए।

### वृद्धाश्रम में संगीत और नृत्य का प्रशिक्षण दिया

**बरेली, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों को बदायूं रोड स्थित वृद्धाश्रम में सोमवार को संगीत और नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षक गुरु रामदास गंगवार ने भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीर्षासन आदि का प्रशिक्षण दिया। दोपहर में रचना चौहान ने महिलाओं को संगीत एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया। सांयकाल में ब्रह्माकुमारी से जुड़ी वीके लक्ष्मी और गुलशन बी ने आध्यात्मिक ध्यान का अभ्यास कराया, जबकि कांता गंगवार ने सिलाई-बुनाई का प्रशिक्षण दिया। कुंवर सेन ने बागवानी का प्रशिक्षण दिया।

# आखिर कालाबाजारी को कहां से आ रहे गैस सिलेंडर

## खुले बाजार में 1600 रुपये तक बिक रहा गैस सिलेंडर, अधिकारियों को लगातार जांच में एजेंसियों का कागजों में सही मिल रहा स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार जारी है। आरोप है कि कुछ एजेंसियों से ही सिलेंडरों की सील तोड़कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे उसे इस्तेमाल शुदा मानकर कर न पकड़ा जाए। हालात यह हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर 1600 रुपये तक में बिक रहा है, जबकि जांच के दौरान एजेंसियों का स्टॉक कागजों में सही मिल रहा है।

नाम न छापने की शर्त पर होटल कारोबारी ने बताया कि कुछ एजेंसियों पर ही सिलेंडरों की सील तोड़कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। इससे सिलेंडर को कहीं ले जाने में कोई दिक्कत नहीं होती है। सिलेंडर ले जाते समय अगर रास्ते में चेकिंग के दौरान कोई रोकता भी है ति टूटी सील दिखाकर बताया जाता है कि यह सिलेंडर घर से या रिश्तेदारी से लाया जा रहा है।

एक अन्य होटल कारोबारी ने यह भी बताया कि बोरियों में भी एजेंसियों से सिलेंडर लाए जा रहे हैं। बोरी में कुछ दिखता ही नहीं है और आसानी से सिलेंडर को इधर से उधर ले जाया जा सकता है। वहीं, लगातार गैस एजेंसियों की जांच में अधिकारियों को स्टॉक सही मिल रहा है।

**रीफिल में 200 से 250 रुपये प्रति किलो में गैस :** रसोई गैस की कालाबाजारी करने वाले रीफिल करके 200 रुपये से 250 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से भी बेच रहे हैं। छोटे दुकानदारों को रोजाना गैस की जरूरत होती है। वह रीफिल करने वालों से संपर्क करके अपने छोटे सिलिंडर रीफिल करा ले रहे हैं। एक होटल कारोबारी ने बताया कि रीफिल में पहले 90 रुपये प्रति किलो की दर से रसोई गैस मिल जाती थी, लेकिन अब यह 250 रुपये तक पहुंच गई है।

### अनावश्यक भंडारण न करें, जरूरत पर ही गैस की बुकिंग कराएं



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से एक होटल में सोमवार को प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ, जिसमें व्यापारियों और उद्यमियों ने गैस किल्लत को लेकर हर वर्ग में बढ़ रही समस्या को लेकर सुझाव दिए। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि गैस की उपलब्धता में कुछ अड़चन आई है लेकिन भारत ने ईरान से बात कर स्ट्रेट आफ होर्मुज से अपने जहाजों को निकलवाने में सफलता प्राप्त कर ली है, कुछ ही समय में गैस का संकट भी समाप्त हो जाएगा। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कहा कि गैस किल्लत की बात सुनकर ही लोग घबरा हुए हैं। प्रशासन लगातार जागरूक कर रहा है। एजेंसियों के नंबर भी जारी कर दिए हैं। जिन लोगों के पास घरों में एक या दो सिलेंडर का स्टॉक है, वो भी लाइन में लगे हैं। जिसके चलते समय पर बुकिंग होने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कहा कि अनावश्यक भंडारण न करें, जरूरत पर ही गैस की बुकिंग कराएं। उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल, रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष शर्मा, आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, ऋषभ दीक्षित, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री राजेश जसोरिया आदि मौजूद रहे।

### ओवर रेटिंग रोकने को कई गैस एजेंसियों व गोदामों का निरीक्षण किया



**बरेली, अमृत विचार :** जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग रोकने के लिए सोमवार को अफसरों ने कई गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक शांतनु व आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार ने सेमी खेड़ा स्थित गौरव सेनानी इंडियन गैस, शेरगढ़ रोड बहेड़ी स्थित बहेड़ी गैस इंडियन सर्विस, पीतांबरा इंडेन और शहर के राजेंद्र नगर स्थित अग्नि इंडियन गैस एजेंसी और उनके गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम पर मौजूद गैस सिलेंडर के स्टॉक का गैस एजेंसी से प्राप्त ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस से सत्यापन किया। जिसमें स्टॉक सही पाया। कोई अनियमितता नहीं मिली, एजेंसी मालिक एवं मैनेजर को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं में गैस से संबंधित कोई भ्रांति पैदा न हो। सिलेंडर की बुकिंग प्राप्त होने पर जल्द उपभोक्ताओं को गैस की रिफिल उनके घर डिलीवर कराएं, यदि गैस एजेंसी के विरुद्ध ओवर रेटिंग संबंधी कोई भी शिकायत मिली तो एजेंसी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईए : गैस संकट को लेकर उद्यमियों ने किया मंथन




**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर की कार्यकारिणी समिति की सोमवार को हुई बैठक में गैस संकट पर चर्चा की गयी। चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संस्था की गतिविधियों, औद्योगिक विकास तथा उद्यमियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में एमएसएमई इकाइयों को औद्योगिक गैस-एलपीजी की आपूर्ति में हाल ही में आई रुकावट के विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी के बजाय लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्या अधिक प्रतीत होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत सरकार एवं संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के समन्वय से शीघ्र ही यह समस्या सुलझ जाएगी। चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने बताया कि फिलहाल ऐसे औद्योगिक इकाइयों की कोई पुष्ट जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, जिन्हें इस समस्या के कारण बंद करना पड़ा हो। उन्होंने सभी उद्यमियों से अपील की कि यदि गैस आपूर्ति में व्यवधान के कारण किसी इकाई के उत्पादन या संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही हो, तो उसकी जानकारी संस्था को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इस समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए आईआईए प्रमुख तकनीकी संस्थानों जैसे आईआईटी रुड़की, बीएचयू वाराणसी एवं आईएसएम धनबाद के साथ परामर्श कर रही है, ताकि औद्योगिक गैस की खपत कम करने वाली तकनीकों, वैकल्पिक ऊर्जा विकल्पों तथा अधिक लागत-प्रभावी एवं टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों पर कार्य किया जा सके। संचालन चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा ने किया। इस मौके पर चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता समेत 50 उद्यमियों ने भाग लिया।

> एजेंसियों पर लगातार जाकर स्टॉक चेक किए जा रहे है, कुछ संचालकों को नोटिस भी दिए गए हैं। कालाबाजारी करने वाले एजेंसी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **मनीष कुमार**, डीएसओ

# टैक्स बकायेदारों की टूटी अकड़, काट रहे नगर निगम के चक्कर

- शहर में ताबड़तोड़ सीलिंग कार्रवाई से बकायेदारों में अफरा-तफरी का माहौल, कार्रवाई में छूट की दरकार
- मेयर, नगर आयुक्त और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कार्यालय में दे रहे दस्तक
- भवन की सील खुलवाने को तो कोई किस्तों में भुगतान करने की लगा रहा गुहार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


आलमगीरीगंज में दुकान को सील करती नगर निगम की टीम।

**अमृत विचार :** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले टैक्स की बकाया वसूली के लिए रुख बेहद सख्त कर लिया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर कर विभाग की टीमें शहर के विभिन्न जोनों में बकायेदारों के भवनों को सील कर रही हैं। जोन-1 से लेकर जोन-4 में सिविल लाइन्स, कुतुबखाना, डीडीपुरम, राजेंद्रनगर जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में कई प्रतिष्ठानों पर सील लगने के बाद, भवन स्वामी सुबह से ही निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। अपनी रोजी-रोटी ठप होने और साख दांव पर लगने के डर से परेशान लोग मेयर, नगर आयुक्त और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कार्यालय में दिखाई दे रहे हैं। सील खुलवाने की जद्दोजहद में जुटे भवन स्वामी जल्द समाधान की गुहार लगा रहे हैं ताकि बंद पड़े व्यापार फिर से शुरू हो सकें।

इज्जतनगर, सुभाष नगर, राजेंद्र नगर, बिहारीपुर जैसे इलाकों से आए बकायेदारों का तर्क है वह एकमुश्त भारी भरकम राशि जमा करने की स्थिति में नहीं हैं। वह अधिकारियों के सामने मिन्नतें करते हुए बकाया टैक्स को किस्तों में जमा करने की सुविधा मांगते दिखे, तो कुछ लोग जुर्माना में छूट के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे थे। व्यापारी राजीव आनंद और सोन कश्यप ने बताया कि अचानक हुई इस तालाबंदी ने उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। दूसरी ओर, नगर निगम राजस्व वसूली के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह अडिग नजर आ रहा है। अधिकारियों का साफ कहना है कि कि बार-बार चेतावनी और नोटिस के बाद भी जिन लोगों ने लापरवाही बरती, उनके खिलाफ सीलिंग ही अंतिम विकल्प बचा था। सीलिंग की इस कार्रवाई से पिछले कुछ दिनों में राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, क्योंकि सील होने के डर से लोग खुद आगे आकर अपने बिलों का भुगतान कर रहे हैं।

### वसूली के चक्रव्यूह में सरकारी विभागों की चुनौती, लक्ष्य भेदना टेढ़ी खीर

नगर निगम के लिए 37 करोड़ का लक्ष्य भेदना इसलिए भी टेढ़ी खीर है क्योंकि बकायेदारों की सूची में शहर के कई रसूखदार और बड़े सरकारी विभाग शामिल हैं। निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, करोड़ों की राशि सरकारी दफ्तरों और उनके आवासों पर बकाया है, जिससे वसूली की राह में तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनें आ रही हैं। नगर आयुक्त के कड़े रुख के बाद डीआईओएस समेत कई विभागों को अल्टीमेटम जारी कर दिया गया है। विभाग की रणनीति साफ है कि छोटे करदाताओं के लिए 'सॉफ्ट' रुख अपनाते हुए वार्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं, जबकि बड़े और 'जिद्दी' बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी करने और बैंक खाते सीज करने जैसी कठोर कार्रवाई की तैयारी है।



> नगर निगम का उद्देश्य केवल राजस्व वसूली नहीं, बल्कि शहर की सुविधाओं को बेहतर बनाना है। सीलिंग की कार्रवाई अंतिम विकल्प है, जिसे केवल बड़े और पुराने बकायेदारों के खिलाफ अपनाया जा रहा है। सभी भवन स्वामियों से अपील है कि 31 मार्च की डेडलाइन से पहले अपना कर जमा कर ''जिम्मेदार नागरिक'' होने का परिचय दें, ताकि शहर के विकास कार्यों की गति निरंतर बनी रहे।
>
> **-पीके द्विवेदी**, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

### नगर निगम प्रशासन ने 31 मार्च तक शेष 37 करोड़ के लिए झोंकी पूरी ताकत

नगर निगम के लिए चालू वित्त वर्ष के शेष दिनों में 37 करोड़ रुपये का टैक्स वसूलना बड़ी चुनौती बना हुआ है। निगम ने इस वर्ष 110 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके सापेक्ष अब तक लगभग 73 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। 31 मार्च की समय सीमा नजदीक आते देख कर विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और बड़े सरकारी बकायेदारों के साथ-साथ निजी करदाताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले वर्ष 90 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 71 करोड़ की ही वसूली हो पाई थी, जिसे देखते हुए इस बार लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार वार्ड स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं और संग्रह बढ़ाने के हर संभव प्रयास जारी हैं।

### जनगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गयी हैं। जनपद के लिए 162 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं, यही मास्टर ट्रेनर गणना कार्मिकों को ट्रेनिंग देकर तैयार करेंगे। करीब 12 हजार गणना कार्मिक जनगणना कार्य के लिए लगाए जाएंगे। पहले चरण में मकानों की गणना होगी। एक मई से यह कार्य जनपद में शुरू हो जाएगा। दो-दो सौ मकानों का ब्लॉक बनाकर जिलेभर के मकानों की गणना की जाएगी। डेटा एकत्र होने के बाद जनगणना करने में भी आसानी होगी। जनगणना कराने के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग सीबीगंज क्षेत्र में जीटीआई परिसर में करायी जा रही है। जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग शुरू हो गयी है।




# जिले के 3058 लाभार्थियों के खाते में पहुंचे एक-एक लाख



कार्यक्रम में मौजूद डीएम और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास योजना 2.0 के तहत जारी की धनराशि
- विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहे लाभार्थियों और माननीयों ने देखा लाइव प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत सोमवार को जिले के चिन्हित पात्र 3058 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की रकम के रूप में एक-एक लाख रुपये उनके खातों में ट्रांसफर किए गए। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी और माननीय उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि से पूर्व हमारी मातृशक्ति को यह भेंट दी गयी है। उक्त आवासों में निशुल्क विद्युत कनेक्शन और हर घर जल योजना के माध्यम से पीने की पानी की भी सुविधा उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से कहा कि लाभार्थियों को सस्ती और गुणवत्ता निर्माण सामग्री दिलवाने में मदद करें।


कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक बिथरी चैनपुर डा. राघवेन्द्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा-अपर उप जिलाधिकारी सदर रामजनम यादव सहित लाभार्थियों ने देखा।

# खून की जांच नहीं हुई तो महिला ने फाड़ दिया रजिस्टर

- जिला अस्पताल की पैथोलॉजी विभाग में किया हंगामा
- स्टाफ पर 2 बजे से पहले सैंपल न लेने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जिला अस्पताल में स्टाफ से बहस करती महिला। ● अमृत विचार


रजिस्टर का पेज फटा हुआ।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी विभाग में खून की जांच को लेकर हंगामा हो गया। आरोप है कि जांच न होने से नाराज एक महिला ने वहां रखा रजिस्टर फाड़ दिया। महिला ने स्टाफ पर सैंपल न लेने का आरोप लगाया।

सोमवार दोपहर एक महिला बच्चे की दवा लेने परिचित के साथ जिला अस्पताल आई थी। महिला का आरोप है कि पैथोलॉजी विभाग में तैनात महिला कर्मचारी ने 1:50 पर उनके बच्चे का ब्लड सैंपल लेने से मना कर दिया। अगले दिन आने के लिए कहा। इसपर महिला बिफर गई और दो बजे अस्पताल बंद होने की बात कहते हुए हंगामा करने लगी। आरोप है कि इसी बीच महिला ने वहां पर इंट्री करने वाला रजिस्टर फाड़ दिया। पुलिस मामले को शांत कराकर महिला और उसके साथी को चौकी ले आई। पूछताछ के दौरान महिला ने रजिस्टर फाड़ने की बात से इन्कार किया। हालांकि, किसी ने महिला के खिलाफ शिकायत नहीं की। जिसके बाद उन्हें जाने दिया गया।

### बुखार व त्वचा रोगियों की संख्या बढ़ी, पर्चा और दवा काउंटर पर लगी कतार



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को 2300 मरीज पहुंचे। बुखार और त्वचा रोगियों की संख्या अधिक रही। पर्चा और दवा काउंटर पर मरीजों की भीड़ दिखी। सुबह आठ बजे ही पर्चा काउंटर पर मरीजों की लाइन लग गई थी। डॉक्टरों के अनुसार सबसे अधिक रोगी चर्म रोग के आए। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार के रोगी बढ़े हैं। वहीं, अल्ट्रासाउंड कक्ष के आगे मरीजों की भीड़ रही। एक ही मशीन होने के कारण सभी मरीजों की जांच नहीं हो सकी। उन्हें जांच के लिए अगली तारीख दी गई। कुछ मरीज अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए सिफारिश लगाते रहे। उधर, सीएमओ कार्यालय में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे।

# सब जूनियर 200 मीटर में बरेली के श्याम सबसे तेज दौड़े

## पहले दिन जोन स्तरीय खेल स्पर्धा में सिंथेटिक ट्रैक पर कई एथलेटिक्स नंगे पैर दौड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** युवा कल्याण और खेल मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय जोन स्तरीय खेल स्पर्धा सोमवार से स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हो गई। पहले दिन बालक और बालिका सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, कबड्डी, भारोत्तोलन की प्रतियोगिताएं हुईं। महिला वर्ग सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन एमएलसी बहोरन लाल मोर्य ने किया। प्रतियोगिता में बरेली और मुरादाबाद मंडल के सांसद खेल स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

सब-जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अमरोहा के निशांत यादव प्रथम, बरेली के गोविंदपाल द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में बरेली के मुनाजिर हसमत अली प्रथम, अमरोहा के मनी द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बदायूं के प्रियांशु प्रथम और शाहजहांपुर के गुरुपाल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर में बरेली के श्याम यादव प्रथम, अमरोहा के धीरज द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में रामपुर के आलम अली ने प्रथम, पीलीभीत के हरप्रीत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में बरेली के मो. युसुफ प्रथम, पीलीभीत के अभिषेक मिश्रा द्वितीय स्थान पर रहे। शार्ट पुट 5 किग्रा में अमरोहा के ध्रुव चहल प्रथम, बदायूं के अभिषेक कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में संभल के फैजान मलिक प्रथम, मुरादाबाद के मो. आसिफ द्वितीय स्थान पर। 200 मीटर में संभल के फैजान मलिक प्रथम, बरेली के प्रदीप कुमार द्वितीय स्थान पर रहे।

1500 मीटर में शाहजहांपुर के उमेश कुमार, शार्ट पुट में अमरोहा के विकास प्रथम स्थान पर रहे। बालिका वर्ग सब-जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बिजनौर की प्रियंका रानी प्रथम, मुरादाबाद की आरती द्वितीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर में अमरोहा की रिया प्रथम, मुरादाबाद की शिवांशी द्वितीय स्थान पर रहीं। आयोजन में जिला युवा कल्याण अधिकारी एनके सिंह, ऋषिकुमार, हरिप्रेम, भगवानदास, सौरभ कुमार सिंह, विशाल कुमार का सहयोग रहा। प्रतियोगिता उप निदेशक एवं प्रांतीय रक्षक बल आदित्य कुमार की देखरेख में हुई। वहीं, एथलेटिक्स की 800 मीटर दौड़ के दौरान प्रतियोगिता में सुरक्षा मानकों की अनदेखी देखने को मिली। कई खिलाड़ी सिंथेटिक ट्रैक पर नंगे पैर ही दौड़ते नजर आए, जबकि नियमों के अनुसार ऐसे ट्रैक पर बिना स्पाइक्स या जूते के दौड़ना प्रतिबंधित माना जाता है।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### जीवन को सरल और सहज ढंग से जीने की सीख दी

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित सत्संग में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन को सरल और सहज तरीके से जीने का संदेश दिया। कहा कि जिन लोगों की भगवान में गहरी आस्था होती है, उनके जीवन में सुख और शांति बनी रहती है। सत्संग के दौरान भदोही से आए पंडित पीयूष मिश्रा ने मां दुर्गा के दिव्य और भव्य चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अनिल गुप्ता, शशि कांत मोदी आदि उपस्थित रहे।

### डीएम से कॉलेज प्रबंधन की शिकायत की

**बरेली, अमृत विचार :** रिठौरा क्षेत्र के नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और डीएम अविनाश सिंह से मिलकर प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। प्रिंसिपल पर गंभीर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया। छात्र-छात्राओं ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कॉलेज के मैनेजर से शिकायत की, लेकिन सालभर से उनकी शिकायत नहीं सुनी जा रही है। गलत गतिविधियों व पक्षपात का विरोध करने पर प्रैक्टिकल में फेल करने का आरोप लगाया। स्कॉलरशिप फार्म भरवाने के नाम पर दो-दो हजार रुपये जमा कराने का आरोप लगाया।

### मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगतपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर कैंप परिसर की साफ-सफाई की। स्वयंसेविकाओं ने जगतपुर और जगतपुर पनवाड़ी बस्ती में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य गोविंद पराशरी ने नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बरेली को प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 3 अप्रैल से किया जाएगा। अलग-अलग खेल की प्रतियोगिता प्रदेश के अलग-अलग स्टेडियम में आयोजित होगी। बरेली को तैराकी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। तैराकी प्रतियोगिता बालक वर्ग में 3, 4 अप्रैल और बालिका वर्ग में 5 और 6 अप्रैल को स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल में होगी।

## रुविवि में अंतर महाविद्यालयी कराटे प्रतियोगिता आयोजित



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को अंतर महाविद्यालय कराटे महिला और पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो आगामी अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे महिला और पुरुष प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम में आयोजित की जाएगी। क्रीड़ा सचिव परिसर डॉ. नीरज कुमार, कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, सह क्रीड़ा सचिव डॉ. अजीत सिंह, विजय कुमार सिंहाल, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. इरम नईम आदि मौजूद रहे।

## डेफ एथलेटिक्स नेशनल में बरेली के पांच खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ डेफ की ओर से 20 से 23 मार्च तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित सीनियर नेशनल डेफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बरेली के पांच मूक-बधिर खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं एनआईएस कोच अजय कश्यप पिछले कई वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय एथलीट रिदम शर्मा 400 मीटर और 400 मीटर हर्डल, गुड्डू सिंह 5000 और 10000 मीटर, रिद्धि कार्की 100 और 200 मीटर, शिवकुमार वॉक रेस तथा सोनाक्षी गुर्जर शॉटपुट और जैवलिन थ्रो में प्रतिभाग करेंगी। रिदम शर्मा इससे पहले मलेशिया में आयोजित एशियाई डेफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। रेलवे क्रीड़ा अधिकारी रतनेश, जिला डेफ सचिव विमल शर्मा, गजेंद्र तोमर, गीता शर्मा, संजय कुमार, पंकज कुमार, बलवंत, हसीब आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की ओर से सोमवार को शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से जुड़े आकर्षक चार्ट, मॉडल और कार्यशील शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की। भौतिक विज्ञान विषय में ऊर्जा का रूपांतरण, पदार्थ की अवस्थाएं, पदार्थ का परिवर्तन और चुंबकीय क्षेत्र जैसे विषयों पर कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए गए। वहीं, जीव विज्ञान में पाचन तंत्र, पुष्प के भाग तथा पादप और जंतु कोशिका की संरचना से जुड़े मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए गए।

विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष अरोरा ने कहा कि शिक्षण सहायक सामग्री विद्यार्थियों की समझ बढ़ाने और पढ़ाई को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. प्रतिभा सागर और डॉ. राम बाबू सिंह रहे। इस दौरान डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सुरेश, डॉ. विमल आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ


पूजन में विधायक संजीव अग्रवाल व पदाधिकारी शामिल हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी ने किया आयोजन

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वावधान में दो दिवसीय तृतीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का सोमवार को कर्मचारी नगर स्थित एक होटल में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने भगवान श्रीगणेश, मां महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। इस दौरान ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच सम्मेलन की सफलता की कामना की गई।

विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने और परिवारों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि 17 और 18 मार्च को आयोजित हो रहे इस भव्य सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के युवक-युवतियां और उनके परिजन सहभागिता कर रहे हैं। संस्था ने बाहर से आने वाले अतिथियों के रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। संरक्षक एड. अजय कुमार अग्रवाल, महामंत्री एड. दिनेश अग्रवाल, एड. हर्ष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, घासीराम अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, संजय गोयल आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा: बरेली कॉलेज में आई कार्ड जांच के बाद ही प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज प्रशासन ने परिसर की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। कॉलेज के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर अब सुरक्षा कर्मियों छात्र-छात्राओं के आई कार्ड देखने के बाद ही प्रवेश दे रहे हैं। बिना आई कार्ड के किसी भी विद्यार्थी को कॉलेज परिसर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि यह व्यवस्था परिसर में अनुशासन और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है। दोनों गेटों पर महिला सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की गई है। बताया कि कॉलेज समय के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रॉक्टोरियल बोर्ड भी समय-समय पर निगरानी रख रहा है।

कहा कि कई बार बाहरी लोगों के परिसर में आने से अनुशासन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे सामने आते हैं, इसलिए यह कदम उठाया गया है। छात्र-छात्राओं से भी अपील की गई है कि वे कॉलेज आते समय अपना आई कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखें।

## छात्रों ने टीकाकरण के लिए चलाया जागरूकता अभियान, बताई अहमियत


राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर गांव में जाकर जागरूक करने वाली टीम और स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुआ कार्यक्रम
● गांव सिथरी में बच्चों और गर्भवतियों के नियमित टीकाकरण के लिए प्रेरित किया

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर इम्यूनाइजेशन फॉर ऑल इज ह्यूमन पॉसिबल विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह व उप-प्रधानाचार्या डॉ अनीता पी ने की।

जीएनएम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सिथरी गांव में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को टीकाकरण का महत्व बताया। बच्चों तथा गर्भवतियों के नियमित टीकाकरण के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर बताया कि टीकाकरण बच्चों को पोलियो, खसरा, टीबी, डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। समय पर सभी टीके लगवाना बच्चों के लिए जरूरी हैं। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में डॉ. एस लिन्थोईगाम्बी देवी, असिस्टेंट प्रो. दीपक कुमार सैम्पसन, नर्सिंग ट्यूटर अनुराग शर्मा, अन्विता स्टैनली, रोमा सिंह का सहयोग रहा।

## नवाचार ही संस्थान और समाज की प्रगति का आधार : डॉ. प्रशांत

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यशाला में उपस्थित डॉक्टर समेत अन्य स्टाफ।

● बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में हुई कार्यशाला

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन हुआ। छात्रों एवं शिक्षकों में नवीन सोच और शोधपरक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इन्क्यूबेशन सेल ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं, जिनमें प्रतिभागियों को नवाचार से जुड़ी जानकारी प्रदान की। छात्रों और शिक्षकों से नवीन एवं रचनात्मक आइडियाज भी लिए गए, जिससे उन्हें विचारों को वास्तविक परियोजनाओं में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनमोल शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। फैकल्टी के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि नवाचार ही किसी भी संस्थान और समाज की प्रगति का आधार होता है। विद्यार्थियों को नई सोच के साथ आगे बढ़ने और अपने विचारों को शोध एवं स्टार्टअप के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने शैक्षणिक एवं नवाचार से जुड़े आयोजनों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने को प्रेरित किया। अकादमिक इंचार्ज डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ. साक्षी भटनागर, सुम्बुल खान, फरहीन, महिमा तिवारी, सुजाता कटियार, श्रेया भारद्वाज, अम्बर आजमी, स्वर्णिमा सिंह उपस्थित रहीं।

## वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन में बदलाव आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि मान्य नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र होगा मान्य

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में शासन ने अब आंशिक बदलाव किया है। आवेदन करते समय आधार कार्ड पर अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि को ही मान्य माना जाएगा। इसके लिए विभाग की तरफ से नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि शासन से 12 मार्च को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। नए निर्देशों के तहत वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन पत्र में सभी कॉलम भरना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि आवेदन पत्र अधूरा पाया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। कई मामलों में आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि और अन्य अभिलेखों में दर्ज जन्मतिथि में अंतर पाया गया, जिससे पात्रता निर्धारण में समस्या आती थी। इसी कारण शासन ने आयु सत्यापन के लिए परिवार रजिस्टर या शैक्षिक प्रमाणपत्र को अनिवार्य कर दिया है।

> शासन के निर्देशानुसार वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन में आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदक को परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या शैक्षिक प्रमाणपत्र में अंकित जन्मतिथि प्रस्तुत करनी होगी और आवेदन पत्र के सभी कॉलम भरना अनिवार्य होगा। लेकिन यह नियम नए आवेदकों के लिए होगा, ऐसे में पुराने आवेदकों को कोई समस्या नहीं होगी। -**सुधांशु शेखर,** जिला समाज कल्याण अधिकारी

## सिटी डायरी



### महिलाओं ने सीखी खुद को खुश रखने की कला

**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी महासभा महिला इकाई ने सेल्फ हीलिंग सेशन का आयोजन किया। मुख्य वक्ता लाइफ कोच श्रद्धा खंडेलवाल ने महिलाओं को सिखाया कि सच्ची खुशी हमारे भीतर छिपी है। अध्यक्षता करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने कहा कि सच्चा सशक्तिकरण मानसिक स्वावलंबन में निहित है, इसलिए महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। महासभा की अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने भी विचार रखे। सिम्मी आनंद, बलविंदर कौर, सोनिया सेठी, डॉ. रश्मि सरपाल, रूमा गंभीर, सुमन अरोड़ा, अलिनदा चाबरा, कुलजीत बासु, अर्चना बब्बर, शिवांगी चाबरा और रचना आनंद का सहयोग रहा।



### समाज की एकता पर जोर दिया

**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के प्रांगण में महावर वैश्य सभा ने सोमवार को होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने समाज को संबोधित करते हुए संगठन और एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। संपूर्ण देहदान का संकल्प लेने वाले गजानंद प्रसाद गुप्ता एडवोकेट का भी मुख्य अतिथि ने शॉल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। अध्यक्ष मोहन गुप्ता, महामंत्री गौरव कुमार गुप्ता एडवोकेट और कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। संचालन महामंत्री गौरव कुमार गुप्ता ने किया। राजेश गुप्ता, जगदीश चंद्र गुप्ता, विष्णु गुप्ता, प्रेमहरी गुप्ता, प्रभूदयाल गुप्ता, गजानंद प्रसाद गुप्ता एडवोकेट, सुरेश चंद्र गुप्ता, कैलाश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### अर्बन हेल्थ सेंटर पर टीकाकरण की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** टीकाकरण दिवस पर सोमवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के रामपुर गार्डन स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर पर डॉ. अनु शर्मा, डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. हसन की उपस्थिति में डॉ. अनु शर्मा ने लोगों को नियमित टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को वैक्सीन के बारे में भी बताया। अमित कुमार, सुशीला देवी, सरला देवी, सुषमा, कविता उपस्थित रहीं।



### रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** इंटेलेक्चुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के रोजा इफ्तार एवं जकात वितरण कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 250 डॉक्टर पहुंचे। सभी ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। जरूरतमंदों को इफ्तार कराया। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, साइकिल, ठेला एवं राशन किट वितरित कीं। संस्था अध्यक्ष डॉ अय्यूब अंसारी ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, हमदर्दी और खिदमत का पैगाम देता है। डॉ. फिरासत अंसारी, डॉ नसीरुद्दीन, डॉ. शकील अहमद, डॉ. खुर्रम, डॉ. सलीक, डॉ. लईक अंसारी, डॉ. अनीस बेग, डॉ. गयासुर्रहमान, डॉ. फाजिल, डॉ. शमशाद, डॉ. आमिर, डॉ. अरशद, डॉ. राही, डॉ. नजीर, डॉ. शाहिद नियाज़ी, डॉ. मेहराज आदि मौजूद रहे।

## मलूकपुर में सजा इफ्तारी का दस्तरख्वान, एक साथ खोला रोजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोहल्ला मलूकपुर स्थित मस्जिद मुफ़्ती-ए-आजम हिन्द में हर साल रमजान के दौरान होने वाला सामूहिक रोजा इफ्तार भाईचारे, मोहब्बत और एकता का जीता-जागता पैगाम देता है। यह मस्जिद आला हजरत इमाम अहमद रजा खान के पुत्र और मुफ्ती-ए-आजम हिंद के नाम से जुड़ी हुई है।

सोमवार को सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन कराया गया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा करने के साथ ही मुल्क, आवाम की तरक्क़ी, खुशहाली, सलामती, अमन-चैन की दुआ को एक साथ सैकड़ों हाथ उठे। इस मौके पर पम्मी खां वारसी, बिलाल खान, सय्यद समीर अली अंशु, हाजी शाहबाज खान, फैज़ी, ताज खान, सय्यद रजब अली साजू, समी, मोनू खान, आज़म खान, खालिद खान मौजूद रहे।

### खानकाह ए सकलैनिया शराफतिया में कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** रमजान की 27वीं शब, जिसे शब-ए-कद्र या लैलतुल कद्र भी कहा जाता है। इस रात की बड़ी अहमियत है। इसको लेकर हर साल की तरह इस साल भी खानकाह ए सकलैनिया शराफतिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरगाह शाह शराफत अली मियां के मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि इस मुबारक रात में खानकाह शरीफ पर एक ही रात में दो कुरआन-ए-अजीम मुकम्मल किए गए। कार्यक्रम का आयोजन सज्जादनशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां हुजूर की सरपरस्ती में किया गया। इस दौरान अकीदतमंद बड़ी तादाद में मौजूद रहकर शब-ए-कद्र की रहमतों और बरकतों से फैजयाब हुए। हाफिज गुलाम गौस सकलैनी, हाफिज गयासुद्दीन सकलैनी, हाफिज मोहम्मद उमर सकलैनी, हाफिज तहव्वर सकलैनी, मौलाना हाफिज नफीस सकलैनी, हाफिज जब्बार सकलैनी, हाफिज सरफराज सकलैनी, हाफिज जाने आलम सकलैनी आदि मौजूद रहे।